प्रेस विज्ञप्ति
तत्काल विज्ञापन के लिए

सीसी/सीसीडी/2021/पीआर-एनआर-II/56

पावरग्रिड सीएसआर के तहत सिविल अस्पताल बिलासपुर को सहायता

बिलासपुर/गुरुग्राम, 28.07.2021

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), भारत सरकार के विद्युत् मंत्रालय के तहत एक महारत्न सीपीएसयू ने सिविल अस्पताल, घुमारवीं, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश को चिकित्सा उपकरण (ऑक्सीजन सिलिंडर, ऑक्सीजन फ्लोमीटर, ऑक्सीमीटर, मास्क और सैनिटाइज़र इत्यादि) प्रदान किए हैं। वरिष्ठ महाप्रबंधक, पावरग्रिड ने श्री राजिन्दर गर्ग, माननीय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग, हिमाचल प्रदेश के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह सामग्री सौंपी।

एक जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक के रूप में, पावरग्रिड ने महामारी के दौरान COVID 19 को रोकने और उसका इलाज करने में आवश्यक सहायता प्रदान करने और दूसरों को COVID-19 उपयुक्त व्यवहार के बारे में जागरूक करने के लिए कई पहलें शुरू की हैं। पावरग्रिड न केवल विद्युत् के विश्वसनीय पारेषण को सुनिश्चित करता है बल्कि यह लोगों के लिए चेहरो पर मुस्कान भी सुनिश्चित करता है।

पावरग्रिड के पास 172,154 सर्किट कि.मी ट्रांसमिशन लाइन, 262 सबस्टेशन और 446,940 एमवीए से अधिक की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग से, पावरग्रिड औसत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता> 99% बनाए रखने में सक्षम है।

जारीकर्ता:
नरेश कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक (केंद्रिय संचार)
ट्विटर पर हमें फॉलो करें: @pgcilindia
www.powergrid.in
ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.co.in,
naresh@powergrid.in